प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 0920बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत की रिफार्म एक्सप्रेस में लगातार तेजी–सकल घरेलू उत्पाद में 7 दशमलव 4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान।
- केंद्र सरकार ने जनगणना–2027 के पहले चरण के लिए अधिसूचना की जारी, देश में पहली बार डिजिटल तरीके से होगी जनगणना।
- राज्य सरकार ने करूणामुलक नियुक्ति से जुडी नीति में किया बदलाव–वित्त विभाग ने जारी किया कार्यालय आदेश।
- एचपीएमसी ने एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब के नकद भुगतान से जुडे अपने आदेशों में किया संशोधन, छोटे बागवानों से नहीं लिया जाएगा राजस्व रिकार्ड
- बर्फबारी के बाद से प्रदेश में शीत लहर का प्रकोप जारी, मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का अलर्ट।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की रिफार्म एक्सप्रेस लगातार गति पकड़ रही है, क्योंकि चालू वित्त वर्ष में देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 6.5 प्रतिशत थी। जीडीपी के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वृद्धि एनडीए सरकार के निरंतर निवेश प्रोत्साहन और मांग–आधारित नीतिगत उपायों के कारण संभव हो रही है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचागत विकास, विनिर्माण प्रोत्साहन, डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं और व्यापार में सुगमता जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयास एक समृद्ध भारत के सपने को साकार करने की दिशा में लक्षित हैं। केंद्रीय बजट में घोषित आयकर छूट और उसके बाद वस्तुओं तथा सेवाओं पर जीएसटी दरों में कटौती के कारण वित्त वर्ष 2025–26 में वास्तविक निजी अंतिम उपभोग व्यय में 7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

जनगणना

केंद्र सरकार ने जनगणना–2027 के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस साल एक अप्रैल से 30 सितंबर के बीच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 30 दिनों की अवधि में घरों की गिनती का काम किया जाएगा। गृह मंत्रालय से जारी अधिसूचना में कहा गया है प्रत्येक राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश के तय कार्यक्रमों के अनुसार घरों की गिनती शुरू होने से 15 दिन पहले स्वयं की गिनती की सुविधा उपलब्ध होगी। देश में पहली बार डिजिटल तरीके से जनगणना की जाएगी। जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में अप्रैल से सितंबर, 2026 के बीच घरों की सूची बनाने के साथ ही इसकी गणना की जाएगी। दूसरे चरण के तहत फरवरी, 2027 में जनसंख्या की गणना होगी।

वीबी–जी राम जी

ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर केंद्रित भारत सरकार की वीबी–जी राम जी योजना आकांक्षी जिला चंबा के लोगों के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। इस योजना का स्वागत करते हुए ग्रामीण परिवेश से संबंधित जिलावासियों के अनुसार भारत सरकार की इस वीबी जी राम जी योजना से आने वाले समय में ग्रामीण इलाकों की तस्वीर ही बदल जाएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

स्टार्ट अप योजना

बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के साधन उपलब्ध करवाने के साथ–साथ प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट अप योजना बेरोजगारों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। हमीरपुर जिला के भूंपल गांव के रमेश कुमार और मझियार गांव के नसीरदीन को इस योजना से काफी लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ई–टैक्सी खरीदने के लिए प्रदेश सरकार ने 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जिससे इन दोनों की आर्थिकी मजबूत हुई है।

करूणामूलक

प्रदेश सरकार ने करुणामूलक नियुक्ति से जुड़ी नीति में कुछ बदलाव किए हैं। यह बदलाव उन लोगों के लिए हैं, जिन्हें सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद सहायता के रूप में नौकरी दी जाती है। वित्त विभाग ने इस बारे में कार्यालय आदेश जारी किया है। इसके तहत अब करुणामूलक आधार पर नौकरी देने का अधिकार संबंधित विभाग के पास ही रहेगा। लेकिन जूनियर ऑफिस सहायक (आईटी) के पद के लिए एक अलग तरीका तय किया गया है। इसमें संबंधित विभाग पहले सभी जरूरी कागजात और योग्यता की जांच करेगा। इसके बाद उम्मीदवार का मामला कार्मिक विभाग के भर्ती निदेशालय को भेजा जाएगा।

भर्ती निदेशालय की मंजूरी मिलने के बाद ही नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस बदलाव से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और सभी जगह एक ही नियम लागू होंगे।

एचपीएमसी

एच पी एम सी ने एम आई एस के तहत पिछले साल खरीदे गए सेब के नकद भुगतान से जुड़े अपने आदेशों में संशोधन किया है। नए निर्देशों के अनुसार अब छोटे बागवानों से राजस्व रिकॉर्ड लेना अनिवार्य नहीं होगा। संशोधित आदेशों के तहत केवल उन्हीं बागवानों से राजस्व रिकॉर्ड लिया जाएगा जिनकी फलों की आपूर्ति 100 से अधिक सेब की बोरियों की होगी। इस संबंध में एच पी एम सी के प्रबंध निदेशक ने आदेश जारी किए हैं। एच पी एम सी ने हाल ही में जारी आदेशों के तहत एम आई एस के तहत खरीदे गए सेब की पेमेंट के लिए राजस्व दस्तावेज अनिवार्य कर दिए थे। सरकार का तर्क था कि इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि बागवान अपनी भूमि से अधिक मात्रा में सेब की आपूर्ति न करें। बागवानों, बागवानी संगठनों और विपक्षी दल भाजपा ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया था। जिसके बाद निगम ने अपने आदेशों में संशोधन किया है। एचपीएमसी ने शिमला, कुल्लू और कांगड़ा के सभी क्षेत्रीय एवं शाखा प्रबंधकों को नए निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

मौसम

प्रदेश में बदले मौसम के बीच बीते दो दिनों में ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात दर्ज किया गया है वहीं पिछले 24 घंटो के दौरान लाहौल स्पीति जिले के कोकसर में हल्की बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के बाद से प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। हालांकि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। जबकि बिलासपुर, ऊना, मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन, सिरमौर में सुबह और शाम के समय कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार इन क्षेत्रों में दस जनवरी तक कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है डॉक्टरों के लिए नई सीनियर रेजिडेंटशिप पॉलिसी बनेगी, 66 प्रतिशत होगा जीडीओ कोटा।

पंजाब केसरी का शीर्षक है जुन्गा के 200 वर्ष पुराने राजमहल में लगी आग, ऊपरी हिस्सा राख।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है इस हफते साफ रहेगा मौसम, मैदानी क्षेत्रों में जारी रहेगा कोहरे कोहराम।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत की रिफार्म एक्सप्रेस में लगातार तेजी–सकल घरेलू उत्पाद में 7 दशमलव 4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान।
- केंद्र सरकार ने जनगणना–2027 के पहले चरण के लिए अधिसूचना की जारी, देश में पहली बार डिजिटल तरीके से होगी जनगणना।
- राज्य सरकार ने करूणामुलक नियुक्ति से जुडी नीति में किया बदलाव–वित्त विभाग ने जारी किया कार्यालय आदेश।
- एचपीएमसी ने एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब के नकद भुगतान से जुडे अपने आदेशों में किया संशोधन, छोटे बागवानों से नहीं लिया जाएगा राजस्व रिकार्ड
- बर्फबारी के बाद से प्रदेश में शीत लहर का प्रकोप जारी, मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का अलर्ट।